महत्वपूर्ण एवं खास

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एम्स में भर्ती

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉ रमन एहतियात के तौर पर एम्स में भर्ती हुए हैं। इसकी जानकारी उन्होंने खुद ट्वीट कर दी। डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट कर लिखा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में हूं, आज रूटीन चेकअप के लिए एम्स जाना हुआ, जहां डॉक्टरों के परामर्श से एहतियात के तौर पर भर्ती हुआ हूं। फिलहाल स्वास्थ्य ठीक है। मानसून के बीच आप सब भी बारिश में पूरी एहतियात बरतें और स्वस्थ रहें।

ग्राम लोईंग में चक्रधरनगर पुलिस की शराब रेड, 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। अवैध शराब पर कार्रवाई के क्रम में बीते मंगलवार की शाम चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम लोईंग में अर्जुन सतनामी नाम के व्यक्ति द्वारा घर पर शराब बनाये जाने की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस की रेड कार्यवाही में आरोपी अर्जुन संतनामी पिता स्व निराकार संतनामी उम्र 27 वर्ष साकिन लोईंग चक्रधरनगर को उसके घर आंगन पर अवैध शराब की बिक्री के लिये 10 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपी पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर, आरक्षक शशि चौहान और विनोज लकड़ा शामिल थे।

अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को रौंदा

रायपुर (आरएनएस)। जोरा स्थित यूको बैंक के सामने अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को रौंद दिया। जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अंजोर दास मानिकपुरी 73 वर्ष अमलीडहह कला खैरागढ़ का रहने वाला था। बताया जाता है कि अंजोर दास पैदल कहीं जा रहा था। तभी जोरा स्थित यूको बैंक के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक को मोबाइल पर दी धमकी

रायपुर (आरएनएस)। कृष्णा नगर रामनगर गुढियारी में अज्ञात मोबाइल धारक ने फोन पर युवक को धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौराम साहू 37 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल नंबर 79098-08553 के धारक ने प्रार्थी को फोन कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रिटायर्ड आईएएस अमृत खलखो को सरकार ने दी संविदा नियुक्ति, समाज कल्याण विभाग में सचिव के साथ दी यह अहम जिम्मेदारी

रायपुर (आरएनएस)। सेवानिवृत्त आईएएस अमृत कुमार खलखो को राज्य सरकार ने एक वर्ष की अवधि के लिए समाज कल्याण विभाग में सचिव के पद पर नियुक्त किया है. इसके साथ ही उन्हें राज्यपाल का सचिव एवं समाज कल्याण आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में खलखो को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के प्रावधानों व शर्तों पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

एकलव्य के विद्यार्थियों को जेईई और नीट प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेगी ऑनलाईन कोचिंग

❒ मंत्री मोहन मरकाम की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय आवासीय एवं आश्रम संस्थान समिति 'संचालक मण्डल' की बैठक

रायपुर | प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई और नीट प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाईन कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम संस्थान समिति 'संचालक मण्डल' की बैठक में इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक में एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ का राज्य समिति के अनुमोदन से ही स्थानांतरण करने पर सहमति दी गई।

मंत्री मोहन मरकाम ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। यदि विद्यालय विषय-विशेषज्ञ पर्याप्त संख्या में नहीं है, तो नियमानुसार अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की जाए। इन स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए शिक्षकों की क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और समय-समय पर विद्यालयों के अध्ययन-अध्यापन की समीक्षा भी की जाए।

बैठक में बताया गया कि शिक्षण सत्र 2023-24 में 25 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं कक्षाएं संचालित है। कक्षा 12वीं में अध्ययनरत 1474 विद्यार्थियों में से कक्षा 12वीं में जीव-विज्ञान के लगभग 982 विद्यार्थियों और गणित संकाय के लगभग 492 अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई और नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों हेतु ऐसे विद्यालय जहां हाई स्पीड इंटरनेट स्थापित है, वहां ऑनलाईन कोचिंग दी जाएगी। वर्तमान में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 22860 विद्यार्थियों के लिए गणवेश की आवश्यकता है। शाला गणवेश के लिए केव्हीआईसी के स्थान पर राज्य के स्थानीय बुनकरों को प्रोत्साहन देने के लिए हाथकरघा विकास विपणन संघ मर्यादित रायपुर को कार्यादेश दिए जाने के प्रस्ताव को कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया। इसके साथ ही एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2023-24 में प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिए जाने का भी अनुमोदन किया गया।

सचिव डी.डी. सिंह ने आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान संचालन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति ने नई दिल्ली से केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत प्राप्त राशि से यह योजना संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के समकक्ष लाना, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो इसके लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। वर्ष 2018-19 से इन विद्यालयों में सीबीएसई के पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन कराया जा रहा है।

आयुक्त शम्मी आबिदी ने बताया कि शिक्षण सत्र 2023-24 में प्रदेश में संचालित कुल 74 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 22 हजार 860 सीट स्वीकृत हैं, जिस पर प्रवेश की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बैठक में एकलव्य विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए वनभूमि का चिन्हांकन एवं आबंटन की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही नवीन एकलव्य विद्यालय के लिए चिन्हांकित की गई वन भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई।

एकलव्य विद्यालय में एनआईसी-एसआई के माध्यम से आउटसोर्स से लेखापाल रखे जाने की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में आउटसोर्स के माध्यम से लेखापाल रखे जाने के लिए प्रस्तावित 74 पदों के विरूद्ध 24 लेखापाल रखे गए हैं, शेष के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा एनआईसी-एसआई मंत्रालय रायपुर से मल्टी टास्किंग स्टाफ रखने का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ में भी ज्योति मौर्य जैसा मामला : मेहनत मजदूरी कर पति ने पत्नी को पढ़ाया, फिर नौकरी पाते ही आशिक संग हुई फरार

जांजगीर-चाम्पा (आरएनएस)। जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र में भी ज्योति मौर्य जैसा मामला सामने आया है. जहां आंगनबाड़ी सहायिका अपने पति और दो बच्चों को छोडक़र गांव के एक युवक के साथ चली गई. युवक ने अपनी पत्नी के भाग जाने के मामले में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है और अपनी पत्नी के साथ युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. मामले में पुलिस अधीक्षक ने नवागढ़ थाना प्रभारी को जांच के निर्देश हैं।



नवागढ़ थाना क्षेत्र ने केरा गांव का रहने वाला अरुण कुमार बंजारे अपनी पत्नी की बेवफाई और पड़ोसी युवक के साथ भागने के मामले में शिकायत करने कलेक्टर और एसपी कार्यालय पहुंचा और उसने बताया कि उसकी शादी 2010 में गांव की ही लडक़ी अनीता के साथ हुई और उनका एक बेटा और बेटी भी है।

बता दें कि, अरुण रोजी मजदूरी करके अपनी पत्नी को नौकरी के लिए प्रेरित किया और 2016 में आंगनबाडी सहायिका के पद मे चयन हुआ, जिसके बाद पति-पत्नी मिलकर बच्चों की परवरिश कर रहे थे. अचानक 21 जुलाई 2023 को उसकी पत्नी ड्यूटी जाने के नाम पर निकली और फिर वापस नहीं आई.

अरुण कुमार बंजारे का कहना है कि, उसकी पत्नी पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ रहने लगी. उसको वापस लाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उसने वापस आने से इंकार कर दिया है. अरुण कुमार के मुताबिक, जिस लडक़े के साथ उसकी पत्नी गई है वो नाबालिग है और उसी के साथ रहने लगी है. अरुण ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपकर अपनी पत्नी और युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

इस मामले में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि, मामले की लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है. इस मामले की जांच के लिए नवागढ़ पुलिस जुटी है. जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दुर्घटना में कमी लाने थानों व यातायात पुलिस ने मवेशियों के सींग पर लगाई रेडियम पट्टी

रायगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आये दिन आवारा पशुओं की भारी वाहनों के चपेट में आ जाने से मौत को देखते हुए रोड पर बैठने वाले पशुओं के सींग पर रेडियम पट्टी लगाने का कार्य थाना व यातायात पुलिस किया जा रहा है जिससे रात के समय रोड पर बैठे पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं पशुओं को भी सुरक्षित किया जा सके। सड़क पर पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में न केवल वाहन चालकों को क्षति होती है, बल्कि कई मवेशी दुर्घटना के कारण अपाहिज हो जाते हैं, अनेक की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए गत दिनों धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना धरमजयगढ़ घरघोड़ा, तमनार लगातार सड़क पर बैठने वाले पशुओं के सींग पर रेडियम लगाने का कार्य किया गया।

इसी क्रम में आज ट्रैफिक थाना स्टाफ द्वारा छातामुड़ा चौक, काशीराम चौक, ट्रांसपोर्ट नगर चौक में नगर निगम अमले व पशु चिकित्सक अनिल पटेल को साथ लेकर राजमार्ग में आवारा, घुमंतू पशु को पकड़ कर पशुओं को वैक्सीन लगवाया गया साथ ही रेडियम पट्टी लगाया गया ताकि रात में रेडियम पट्टी होने से अनायास होने वाले पशुओं की मौत को रोका जा सके। इस दौरान कई मवेशी मालिक मौके पर आ गए जिन्हें कड़ाई से उनके मवेशियों को बारिश के मौसम में अपने घर मे रखने व नेशनल हाइवे में नहीं छोड़ने की समझाइश दी गई।

कोतवाली पुलिस के हाथ आया शातिर बाइक चोर, आरोपी से चोरी की एक स्कूटी और दो मोटर बरामद

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण पर बाइक चोरों पर मुखबिर लगाकर सतत निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में कल दोपहर सर्किट हाउस के पास चोरी की स्कूटी बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी के पास रखी हुई स्कूटी CG 13 UF 6232 चोरी की है। पुलिस की घेराबंदी में पकड़े गए युवक ने अपना नाम हरि शंकर भट्ट निवासी खुरूसलेंगा, तमनार का होना बताया जिसे स्कूटी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने स्कूटी को चोरी का होना बताते हुए रायगढ़ के विभिन्न स्थानों से स्कूटी के अलावा दो मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट्स और एक होण्डा लियो की चोरी कर अपने घर में छुपा कर रखना बताया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के मेमोरेंडम पर उसके घर से मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट्स क्रमांक CG 10 AF 9551 तथा एक लियो होंडा लीवो मोटरसाइकिल के साथ एक्टिवा स्कूटी CG 13 UF 6232 कुल कीमत रु.75000 को जप्त कर आरोपी के पास चोरी की संपत्ति होने के युक्ति युक्त साक्ष्य पर आरोपी हरि शंकर भट्ट हरि शंकर भट्ट पिता मिस्त्री भट्ट उम्र 29 वर्ष निवासी खुरूसलेंगा थाना तमनार रायगढ़ के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 41(1+4)CrPC, 413 IPC के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में माल मल्जिम पतासाजी की कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, हेमन पात्रे, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी और संदीप मिश्रा की अहम भूमिका रही है।

फावड़ा मारकर पत्नी व तीन बेटियों की हत्या : गिरफ्तार

जांजगीर-रायपुर (आरएनएस)। बलौदा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी पंतोरा अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी में एक व्यक्ति ने घर में सो रही अपनी पत्नी और तीन बेटियों की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने बलौदा बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया है। इस नरसंहार से पूरे इलाके में दहशत व्याप्त हो गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी में रहने वाले ग्रामीण देशराज कश्यप ने यह जघन्य अपराध किया है। बताया जाता है कि परसों रात को सभी लोगों ने भोजन किया और अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी देशराज की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका पिछले 10 सालों से उपचार चल रहा है। घटना की रात जब घर में सभी सो गए तो आरोपी देशराज उठा और उसने अपनी पत्नी मोंगरा बाई और 3 बेटियों पूजा कश्यप 16 वर्ष, मंझली पुत्री भाग्य लक्ष्मी और याचना के सिर पर फावड़ा मारकर हत्या कर दिया। इसके बाद वह खुद घर को बंद कर निकल गया। ग्रामीणों ने जब अगले दिन घर का दरवाजा न खुला पाया और परिवार के किसी सदस्य को नहीं देखा तो उन्हें आशंका हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरपंच को दी। सरपंच ने ही पुलिस में सूचना दी और इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। यहां पहुंची पुलिस ने जैसे ही दरवाजा खुलवाया तो अंदर का मंजर देख सभी कांप उठे। बिस्तर में मोंगर बाई के साथ ही उसकी तीनों बेटियों की लहूलुहान लाश पड़ी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में सर्चिंग शुरू करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की तो वह बलौदा बस स्टैण्ड से पकड़ा गया।

अधिभार (ओवरबर्डन) से रेत का उत्पादन : कचरे से कंचन

❒ कोयला मंत्रालय के तहत कोयला एवं लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा एक अनूठी पहल

रायपुर (आरएनएस)। भले ही अपने उपभोक्ताओं के लिए कोयला/ लिग्नाइट का उत्पादन और वितरण करने का ही शासनादेश हो, फिर भी कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला और लिग्नाइट सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने लीक से हटकर ओवरबर्डन से बहुत कम कीमत पर रेत का उत्पादन करने वाली एक अनोखी पहल की है। इस पहल से न केवल ओवरबर्डन के कारण रेत गाद से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिल रही है, बल्कि निर्माण के लिए सस्ती रेत प्राप्त करने का विकल्प भी मिल रहा है। कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में रेत का उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है और अगले पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), नैवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएलसीआईएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) में रेत के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा चुका है।

कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सिलिका सामग्री के साथ मिट्टी, जलोढ़ रेत और बलुआ पत्थर शामिल होते हैं। नीचे से कोयला निकालने के लिए ओवरबर्डन को हटा दिया जाता है। बाद में, कोयला निष्कर्षण पूरा होने पर, भूमि को उसका मूल आकार प्रदान करने के लिए ओवरबर्डन का उपयोग बैकफिलिंग के लिए किया जाता है। ऊपर से ओवरबर्डन निकालते समय, मात्रा का स्वेल फैक्टर 20-25 प्रतिशत होता है। इस ओवरबर्डन को परंपरागत रूप से अपशिष्ट या बोझ माना जाता है और अक्सर इसके संभावित मूल्य को पहचाने बिना इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। हालांकि, सतत् अभ्यास और सर्कुलर इकोनॉमी पर बढ़ते फोकस के साथ, ओवरबर्डन के लिए वैकल्पिक उपयोग की खोज करने और इसे कचरे से कंचन में बदलने की दिशा में बदलाव आया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री दयागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

6 गोल्ड 3 सिल्वर मैडल... बस्तर के खिलाड़ियो ने दिखाया दम

जगदलपुर (आरएनएस)। केवल मिट्टी की गंध लिए बाजार हरे पेड़ों की खुशबू लिए जंगलों और अपनी आदि संस्कृति जैसी सहज शक्तियों मात्र के लिए देश दुनियां में बस्तर की पहचान नहीं है बल्कि सहज बस्तर असहज युवा प्रतिभाओं धमक के लिए भी जाना जाता है। चाहे सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल करना हो या शिक्षा,संस्कृति हो या विज्ञान या फिर सौंदर्य बस्तर के युवा प्रतिभागियों ने हर जगह जो झंडे गाड़े है वह अभी तक सुवासित हवाओं के लिए फहरा रहा है ऐसे में भला खेल, शारीरिक क्षमता को सिद्ध करने की महारत महारत में भला बस्तर कैसे पीछे रह सकता एशियन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के हुनर से जो 6 गोल्ड 3 सिल्वर मेडल बस्तर के सीने पर जो चमक रहा यह ऐसे ही प्रतिभाओं के अथक परिश्रम का फल है.. ।

कोई काम या प्रतियोगिता कठिन नहीं बस इमानदारी के साथ व्रत रखना पड़ता है ..फिर आसमान से तारे तोड़ लाना भी मुश्किल नहीं होता ...

किसी ने ठीक का निशाना हमेशा चांद पर रखो

दामन में चांद ना सह सितारे तो हाथ आएंगे ही

हम बात कर रहे हैं यूनाइटेड वल्ड मार्शल आर्टस फेडरेशन (जपान) के तत्वाधान में यूनाइटेड मार्शल आट्र्स फेडरेशन एशिया द्वारा 21 से 23 जुलाई को त्यागराजन स्पोट्र्स कॉम्फ्लेक्स नई दिल्ली (भारत) मे आयोजित म्युथाई चेम्पियनशिप की, जिसमें बस्तर के 9 खिलाड़ी कोच, अब्दुल मोईम के साथ रवाना हुए तब विश्वास तो था प्रतिभाओं को मैदान में यह सिद्ध करना था।

दर्शक दम साधे देखते रहे और बस्तर के युवा खिलाडी उपलब्धि गढ़ते रहे- विदित हो कि चेम्पियशिप में भारत के अलावा 8 देशों के खिलाड़ी ने भाग लिया था।

जब खेल शुरू हुआ तो सब दम साधे देखते रहे और बस्तर के खिलाडिय़ों ने जौहर दिखाना शुरु किया फिर उपलब्धियों की सीढिय़ां वे चढ़ते चले गए।बस्तर के खिलाड़ी भारत के तरफ से खेलते हुए बालक वर्ग में पंकज मौर्य, वेदांत श्रीवास, ने स्वर्ण पदक व बालिका वर्ग में कु, शानिका मिश्रा, कु, सोनाली कुशवाहा, कु, सुप्रभा नाग, गीताक्षि श्रीवास ने स्वर्ण पदक हासिल किये वही एलेक्स कुमार सुरभि यादव कु, तम्मन्ना कश्यप ने सिल्वर पदक पर कब्जा जमाया।

खिलाड़ी कोच अब्दुल मोईम- उपलब्धियां बटोरने वाले सभी खिलाडियों ने अपने हुनर के लिए पहचाने जाने वाले कोच अब्दुल मोईम के नैतृत्व में भाग लिया था अब्दुल इस क्षेत्र में किसी नाम के मोहताज नहीं हैं जिनकी कुशल नेतृत्व में युवा प्रतिभाओं ने बस्तर का लोहा पूरे देश मे मनवाया और बस्तर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया।

उनके इस उपलब्धि पर जुडो संघ के अध्यक्ष किरण देव सहित बस्तर के तमाम शीर्ष व्यक्तियों के साथ बस्तर वासियों ने इन सबको अपनी शुभकामनाएं दी है।